◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN 24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

Lucknow koneswar chauraha petrol pump pr 1000 ka petrol dalvaane pr keval 200 ka petrol diya



Koneswar Chauraha petrol pump

— Pawan bagjani, लखनऊ

प्राचीन है गढ़ मेले का इतिहास, पांडवों ने शुरू की थी दीपदान की परंपरा; बेहतर कानून-व्यवस्था ने जीता श्रद्धालुओं का भरोसा गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़।

गढ़मुक्तेश्वर में लगने वाले ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा गढ़ गंगा मेले का इतिहास बेहद प्राचीन माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस पावन नगरी में गंगा स्नान और दीपदान की परंपरा महाभारत काल से जुड़ी हुई है। मान्यता है कि पांडवों ने अपने वनवास एवं महाभारत काल के दौरान गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में गं

— Ram Garg

जालौन में अभियोजन कार्यों और गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की एसपी ने की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

उरई (जालौन)। पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चन्द्र रावत की अध्यक्षता में सोमवार, 23 नवंबर 2026 को पुलिस लाइन उरई स्थित सभागार में अभियोजन कार्यों एवं गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत की गई कार्रवाई की समीक्षा को लेकर महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी (SDM), क्षेत्राधिकारी (

— Pankaj Gupta

अपराध

बस्ती में 26 वर्षीय शिक्षिका ने 16 वर्षीय छात्र को ले कर गायब कर दिया



यूपी के बस्ती जिले के कप्तानगंज थाने के अधिकार क्षेत्र में स्थित एक स्कूल से जुड़ा चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें कक्षा 11 का 16 वर्षीय छात्र अपने ही विद्यालय की 26 वर्षीय शिक्षिका द्वारा ले जाया गया।

छात्र के पिता ने बताया कि शिक्षिका रुपाली ने अपने बेटे को बहला-फुसलाकर कहीं ले गई, जिससे अचानक परिवार में हड़कंप मच गया। लापता होने के बाद परिवार ने कई जगहों पर खोजबीन की, पर कोई संकेत नहीं मिला।

अंततः पिता ने पुलिस को लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत शिक्षिका के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस घटना से स्कूल सुरक्षा और छात्रों की सुरक्षा के मुद्दे पर सवाल उठे हैं, जबकि जांच के परिणामों की प्रतीक्षा जारी है।

— ANAND KUMAR PANDEY

स्थानीय

वाराणसी पुलिस आयुक्त ने पुलिस झंडा दिवस पर ध्वज फहराया, दी सलामी



वाराणसी पुलिस लाइन में पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने पुलिस ध्वज फहराकर सलामी दी और उसके इतिहास व महत्व पर चर्चा की।

उन्होंने बताया कि ध्वज बलिदान, अनुशासन, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है।

इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी, जवान और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे, जिन्होंने देश और समाज की सेवा के लिए कर्तव्य निभाने का संकल्प लिया।

समाचार स्रोत: वाराणसी पुलिस आयुक्त कार्यालय का फेसबुक पेज।

— Kailash Chandra Gupta, वाराणसी

स्थानीय

बहराइच के रमवापुर खुर्द में आग से तीन परिवारों की गृहस्थी जलकर राख, प्रशासन से आपातकालीन राहत की मांग



बहराइच जिले के महसी तहसील क्षेत्र के रमवापुर खुर्द गांव में आग लगने की घटना से तीन परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। आग की चपेट में आने से घरों में रखे कपड़े, घरेलू सामान, अनाज और करीब 20 हजार रुपये की नकदी जलकर राख हो गई, जिससे तीनों परिवारों की पूरी गृहस्थी तबाह हो गई। अचानक हुई इस घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई और पीड़ित परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतों के साथ रहने और खाने-पीने का संकट खड़ा हो गया है।

आग की घटना के बाद पीड़ित परिवारों ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने जिलाधिकारी बहराइच, उपजिलाधिकारी महसी, तहसीलदार महसी एवं क्षेत्रीय लेखपाल से घटना का तत्काल संज्ञान लेकर मौके पर जांच कराने और उचित राहत दिलाने की मांग की है। पीड़ितों की प्रमुख मांगों में आपदा राहत कोष से नियमानुसार तत्काल आर्थिक मुआवजा, आग से हुए नुकसान का शीघ्र आकलन, और मौके पर निष्पक्ष सर्वे कर रिपोर्ट तैयार कराने की बात शामिल है।

इसके अलावा, पीड़ित परिवारों ने जिला पूर्ति अधिकारी बहराइच से प्रभावित परिवारों को तत्काल राशन और खाद्यान्न उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण एवं संबंधित खंड विकास अधिकारी से पात्रता के अनुसार तीनों परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाने की भी अपील की गई है।

पीड़ित परिवारों ने जिला प्रशासन से कपड़े, बर्तन और अन्य जरूरी घरेलू सामान के लिए अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग की है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि उनकी दयनीय स्थिति को देखते हुए बिना देरी किए राहत पहुंचाई जाए, ताकि तीनों परिवार फिर से अपना जीवन पटरी पर ला सकें।

— Pramod Kumar

मथुरा बरेली हाइबे के आएराखेड़ा पर आपस मे भिड़े तेल से भरे टेंकर, वचाव मे जुटे स्थानीय



मथुरा बरेली हाइबे के आएराखेड़ा पर आपस मे भिड़े तेल से भरे टेंकर, वचाव मे जुटे स्थानीय

— Thakur Harendra Singh

स्थानीय

जालौन पुलिस लाइन में मनाया गया पुलिस झण्डा दिवस, एसपी सुरेश चन्द्र रावत ने पुलिस ध्वज को दी सलामी



उरई (जालौन)। पुलिस लाइन उरई में सोमवार, 23 नवंबर 2026 को पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चन्द्र रावत ने पुलिस ध्वज को सलामी दी तथा उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी वर्दी की बाईं जेब पर पुलिस ध्वज का प्रतीक चिन्ह धारण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत ने कहा कि पुलिस झण्डा दिवस हम सभी को अपने ध्वज के सम्मान, त्याग, बलिदान और कर्तव्य के प्रति समर्पण की याद दिलाता है। पुलिस ध्वज हमारी गौरवशाली परंपरा, शौर्य और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी, अनुशासन और जनसेवा की भावना के साथ करें तथा पुलिस विभाग की गौरवशाली परंपराओं और प्रतिष्ठा को बनाए रखें।

— Pankaj Gupta

डिह थाना क्षेत्र में 5 अक्टूबर की मारपीट में दो युवकों को गिरफ्तार



डिह थाना क्षेत्र में 5 अक्टूबर को दिलीप मौर्य के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की। घटना में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया।

सुनील यादव और अंकुश यादव को गिरफ्तार किया गया। इस घटना में शामिल एक अभियुक्त शिवम यादव को 8 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया।

रोहित द्विवेदी समेत अन्य कई व्यक्तियों को फरार पाया गया है और पुलिस द्वारा खोज जारी है।

— Nagendra Maurya

स्थानीय

विवेक मौर्य ने अकबरपुर में शांति राजभर की 99वीं बेटी के विवाह में गृहस्थी का सामान दान किया



अकबरपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बुढ़नपुर, पोस्ट भाऊपुर निवासी स्वर्गीय मंशाराम राजभर की पुत्री शांति राजभर के विवाह में विवेक मौर्य ने आर्थिक सहयोग के साथ गृहस्थी का आवश्यक सामान उपलब्ध कराया।

गृहस्थी के सामान में बेड, सिंगारदान, पंखा, बक्सा, रजाई, तकिया, गद्दा, कुर्सी, मेज, प्रेस, मिक्सर, चादर और बाथरूम सेट सहित अन्य आवश्यक वस्तुएँ शामिल थीं, जो नारायण फाउंडेशन की टीम द्वारा उपहार स्वरूप भेंट की गईं।

ग्राम प्रधान प्रहलाद वर्मा ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि गरीब परिवार की बेटी की शादी में सहयोग कर उन्होंने सराहनीय कार्य किया है और समस्त ग्रामवासी उनके आभारी हैं।

विवेक मौर्य ने बताया कि गरीब बहन-बेटियों के विवाह में आर्थिक अभाव बाधा न बने, यही उनका प्रयास है, और उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाया कि नारायण फाउंडेशन हर परिस्थिति में जरूरतमंदों के साथ खड़ा रहेगा।

— सुधीर श्रीवास्तव

स्थानीय

भोराह में 19 वर्षीय मोहम्मद सुफियान 15 दिन से लापता, खोज जारी



भोराह के 19 वर्षीय मोहम्मद सुफियान 15 दिन से लापता हैं।

पुलिस और समाज के सदस्यों ने आज तक खोज कार्य जारी रखा है।

मोहम्मद सुफियान का परिवार और मित्रों ने उनके लापता होने की सूचना स्थानीय पुलिस को दी है।

सभी नागरिकों से निवेदन है कि यदि किसी को उनके बारे में कोई जानकारी हो तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

— Rashid Alam

का अभियान, अलग-अलग मामलों में छह आरोपी गिरफ्तार



वारंटियों के खिलाफ शाहबाद पुलिस का अभियान, अलग-अलग मामलों में छह आरोपी गिरफ्तार

शाहाबाद से राशिद अल्वी की रिपोर्ट

रामपुर: जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सिंह (IPS) के निर्देशन में चलाए जा रहे एनबीडब्ल्यू (N.B.W.) वारंटी व वांछित अभियुक्तों की धरपकड़ अभियान के तहत थाना शाहबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छह वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह (PPS) के कुशल मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी शाहबाद देवकी नन्दन (PPS) के नेतृत्व में 22/23 नवंबर 2026 को अंजाम दी गई, जिसके तहत पुलिस टीम ने दबिश देकर सभी आरोपियों को उनके घरों से दबोच लिया।

थाना शाहबाद पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपियों में ग्राम महूनागर निवासी महीपाल पुत्र प्रभुआ उर्फ प्रभुदयाल (उम्र 48 वर्ष) शामिल है, जो केस नंबर 39/21 धारा 446 सीआरपीसी में वांछित था। इसके अलावा ग्राम ढकिया निवासी फकीरचन्द पुत्र गोकिल (उम्र करीब 68 वर्ष), राजेन्द्र पुत्र फकीरचन्द (उम्र करीब 45 वर्ष) और नेमचन्द पुत्र फकीरचन्द (उम्र 35 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया है, जो केस नंबर 785/22 अ.सं. 152/22 धारा 452/323/504/506 भादवि से जुड़े मामले में वारंटी हैं। वहीं, मुरादाबाद जिले के थाना बिलारी के ग्राम थामला निवासी फरीद पुत्र मुन्ना कसाई (उम्र 30 वर्ष) को केस नंबर 1979/2014 अ.सं. 350/2014 धारा 380/411 भादवि और थाना पटवाई के ग्राम डोलसर निवासी बब्लू पुत्र उत्तम सिंह (उम्र 32 वर्ष) को मुकदमा नंबर 82/25 अ.सं. 514/20 धारा 279/338/304ए/427 भादवि के तहत गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान माननीय उच्च न्यायालय एवं मानवाधिकार आयोग के आदेशों व निर्देशों का पूर्णतः पालन किया गया तथा नियमानुसार मौके पर ही आरोपियों के परिजनों को गिरफ्तारी की सूचना दी गई। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को समय से संबंधित माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

इस धरपकड़ अभियान में थाना शाहबाद के प्रभारी निरीक्षक धनन्जय सिंह के साथ उपनिरीक्षक अंकित कुमार, उपनिरीक्षक रामबाबू, उपनिरीक्षक प्रशान्त कुमार, उपनिरीक्षक रोहित कुमार, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल नरदेव सिंह, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, कांस्टेबल सुरेश कुमार, कांस्टेबल आशु खान और कांस्टेबल मनीष शामिल रहे।

— Rashid albi

अपराध

दो चोर चोरी करते हुए देखे गये



दो चोर चोरी करते हुए देखे गये।

— Jogendra Singh

अंबेडकरनगर में वृद्ध व्यक्ति पर मारपीट, आरोपी को हिरासत में लेकर अभियोग दर्ज



सोशल मीडिया पर प्रसारित चलचित्र में एक वृद्ध व्यक्ति एवं उमेश के साथ श्याम निवासी द्वारा हरदोपुर थाना बेवाना, जनपद अंबेडकरनगर में मारपीट और अभद्रता की जा रही थी, यह दिखाया गया है।

घटना की तहरीर प्राप्त होते ही अंबेडकरनगर के थाना अकबरपुर ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया। आरोपी को हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई है।

स्थल पर कानून व्यवस्था संबंधी कोई समस्या नहीं पाई गई, ऐसा क्षेत्रीय अधिकारी नगर द्वारा दी गई बाईट में कहा गया है।

— सुधीर श्रीवास्तव

अपराध

बेलगहना में स्वामी जी महाराज के काफिले पर पथराव, सुरक्षा बढ़ाने की मांग



22 नवंबर की रात, श्री सिद्धबाबा अद्वैत परमहंस आश्रम, बेलगहना के स्वामी जी महाराज के काफिले को सोनसाय नवागांव से लौटते समय भेलवा टिकरा और मिट्ठू नवागांव के बीच जंगल क्षेत्र में अज्ञात व्यक्तियों ने पथराव किया। पत्थर लगने से वाहन की नंबर प्लेट और फ्रंट ग्रिल क्षतिग्रस्त हो गई।

आश्रम ने थाना बेलगहना में शिकायत दर्ज कराई और पुलिस पायलेटिंग दल के चालक सहित आरक्षकों पर आरोप लगाते हुए मेडिकल जांच तथा विभागीय जांच की मांग की। पायलेटिंग वाहन के लगभग 500 मीटर पीछे चलने के प्रश्न भी उठाए गए।

इस घटना से पहले 7 नवंबर की रात आश्रम परिसर में अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रवेश कर धार्मिक ग्रंथ और एक पक्षी की चोरी की गई थी, जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। आश्रम ने अब सुरक्षा बढ़ाने और जिम्मेदारियों की सख्त जांच की पुनः मांग की है।

— पत्रकार शत्रुघन चौधरी

राजनीति

सीएम योगी का बड़ा निर्देश: थानों और सरकारी दफ्तरों में भाजपा कार्यकर्ताओं को मिलेगा पूरा सम्मान



सीएम योगी का बड़ा निर्देश: थाने और सरकारी दफ्तरों में भाजपा कार्यकर्ताओं को मिले पूरा सम्मान, अधिकारियों को सख्त संदेश

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के जमीनी कार्यकर्ताओं के सम्मान और उनकी समस्याओं के समाधान को लेकर बड़ा संदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि भाजपा का कोई कार्यकर्ता थाने या सरकारी कार्यालय में अपनी समस्या लेकर पहुंचे तो उसे सम्मानपूर्वक बैठाया जाए, उसकी बात गंभीरता से सुनी जाए और समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाए।

अभियान की शुरुआत के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी का कार्यकर्ता संगठन की सबसे मजबूत कड़ी है। कार्यकर्ता जनता की समस्याओं को लेकर अधिकारियों तक पहुंचता है। ऐसे में उसकी बात को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि वे किसी गलत काम की पैरवी करने नहीं आते, बल्कि गरीब परिवारों को आवास दिलाने, वरासत संबंधी समस्याओं का समाधान कराने, मोहल्लों में जलभराव से निजात दिलाने और जरूरतमंदों को इलाज में सहायता दिलाने जैसे जनहित के मुद्दे उठाते हैं।

योगी आदित्यनाथ ने अपने करीब 28 वर्षों के सार्वजनिक जीवन का अनुभव साझा करते हुए कार्यकर्ताओं के प्रति विश्वास जताया। उन्होंने प्रशासनिक तंत्र को संदेश दिया कि जनता और संगठन से जुड़े लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए तथा उनका उचित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

राजनीतिक और संगठनात्मक दृष्टि से मुख्यमंत्री का यह बयान काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसे सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा जमीनी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने की पहल के रूप में देखा जा रहा है।

गोरखपुर से प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों तक जन चौपाल अभियान की शुरुआत भी इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। अब देखने वाली बात होगी कि मुख्यमंत्री के इन निर्देशों का जिलों के थानों और सरकारी कार्यालयों में कितना प्रभावी ढंग से पालन होता है।

शैलेश गुप्ता महाजन

जिला न्यूज़ रिपोर्टर – जैथरा, एटा

Need24 News Etah UP

जनहित की खबर, जनता की आवाज!

— शैलेष गुप्ता महाजन, गोरखपुर

स्थानीय

बहराइच के वन कर्मियों को लखनऊ के प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा सम्मानित किया गया



बहराइच के वन कर्मियों को सोमवार को नई दिल्ली के इन्दिरा पर्यावरण भवन में आयोजित समारोह में लखनऊ के प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा सम्मानित किया गया।

DFO सुंदरेशा ने बताया कि वन्यजीव निगरानी तथा विशेष कौशल के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य से बहराइच वन प्रभाग के मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन समूह हेतु वन दरोगा प्रताप सिंह राना, बृजेश वर्मा और माली मो. जुबेर खॉ को चयनित किया गया था।

समारोह में बहराइच वन प्रभाग से नामित वन कर्मियों ने भाग लिया और उन्हें उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए मानद सम्मान से नवाज़ा गया।

मंत्री पर्यावरण एवं वन जलवायु परिवर्तन विभाग, भारत सरकार श्री भूपेन्द्र यादव ने तेंदुआ एवं भेड़िया वन्यजीव द्वंद पर प्रभावी नियंत्रण में उत्कृष्ट कार्य किये जाने हेतु नामित वन कर्मियों को सम्मानित किया।

— Pramod Kumar

नवाबगंज के रामपुर में नेशनल मेडिकोस ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित, सैकड़ों रोगियों का उपचार



बाबागंज, 23 नवंबर – रुपईडीहा क्षेत्र के रामपुर में स्थित देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज परिसर में नेशनल मेडिकोस ऑर्गेनाइजेशन (एनएमओ) के तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर और पर्यावरण संरक्षण व नशा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शिविर में वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञों ने सैकड़ों रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ वितरित कीं। एनएमओ से जुड़े आरएमएल लखनऊ के डॉ. बेंगया मीरे, डॉ. हर्षित श्रीवास्तव, डॉ. रवि श्रीवास्तव, डॉ. प्रिया मिश्रा, डॉ. उत्सव त्रिपाठी, डॉ. वैष्णवी चौहान, डॉ. साक्षी यादव, डॉ. शाहीन, सरवर अली एवं सुनीता चौधरी के नेतृत्व में यह कार्यवाही सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। महामना मालवीय मिशन, रूल ऑफ लॉ सोसाइटी एवं गायत्री परिवार की ओर से लोगों को नशा उन्मूलन और पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। खंड विकास अधिकारी नवाबगंज आशुतोष श्रीवास्तव ने जल संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व पर बल दिया। एसएसबी 42वीं वाहिनी के उपसेना नायक मनु बेनीवाल और महामना मालवीय मिशन (अवध) के अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने अवैध नशे के कारोबार पर नियंत्रण हेतु जनजागरण अभियान चलाने की बात कही।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा के अधीक्षक डॉ. थानेदार सिंह ने सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए संचालित विशेष केंद्र की जानकारी दी और नशा से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जय प्रकाश सिंह ने की, संचालन किसान परिषद के संयोजक शिव पूजन सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्राचार्य शुभम श्रीवास्तव ने किया। समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने नशा उन्मूलन एवं पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।

— Pramod Kumar

राजनीति

नागेंद्र गुप्ता को सलेमपुर पिछड़ा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नियुक्त, भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर दी बधाई



सलेमपुर, देवरिया। भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपते हुए नागेंद्र गुप्ता को सलेमपुर पिछड़ा मोर्चा का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा के जिलाध्यक्ष काली प्रसाद द्वारा जारी पदाधिकारियों की सूची में उनके नाम की घोषणा की गई है। इस नियुक्ति से स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।

नियुक्ति के बाद नागेंद्र गुप्ता ने भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद एवं पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रणविजय सिंह सैथवार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में उनके जैसे सामान्य कार्यकर्ता को भी संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना पार्टी की कार्यकर्ता-आधारित विचारधारा और समर्पित कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। साथ ही सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे।

समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर हिमांशु मिश्रा, अमित यादव, रामजी सिंह, लार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित सिंह बबलू, वीरेंद्र गुप्ता और धीरेंद्र सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

— Sandeep Kumar

राजनीति

लखनऊ में आयोजित संगठनात्मक बैठक में शामिल हुए विनोद तावड़े, पंकज चौधरी और धर्मपाल सिंह



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने लखनऊ स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित संगठनात्मक बैठक में सहभागिता की। बैठक में पार्टी के संगठनात्मक कार्यों, सांगठनिक गतिविधियों और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में संगठन की कार्ययोजनाओं को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने तथा पार्टी की गतिविधियों को गति देने पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भी दिशा तय करने पर जोर दिया गया।

— Pankaj Gupta, लखनऊ

स्थानीय

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ जालौन पुलिस की गोष्ठी, साइबर अपराध और अफवाहों पर रोक लगाने को लेकर हुई चर्चा



उरई (जालौन)। सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन को जागरूक करने और पुलिस तथा जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से सोमवार, 23 नवंबर 2026 को पुलिस लाइन उरई में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, यूट्यूबर्स एवं ब्लॉगर्स के साथ महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चन्द्र रावत ने की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ. ईशान सोनी भी मौजूद रहे।

मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया समाज को जागरूक करने का सबसे सशक्त माध्यम बन चुका है। जनपद पुलिस और आमजन के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित करने तथा पुलिस के अच्छे कार्यों को जनता तक पहुंचाने में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। बैठक में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाने, ऑनलाइन ठगी, फेक कॉल, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट और सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही किसी भी घटना या वीडियो को बिना सत्यापन के साझा न करने तथा भ्रामक और भड़काऊ पोस्ट से बचने की अपील की गई। यातायात नियमों के पालन को लेकर भी विशेष जोर दिया गया। इन्फ्लुएंसर्स से हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, नशे में वाहन न चलाने तथा रील और स्टंट बनाने के चक्कर में यातायात नियमों का उल्लंघन न करने के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील की गई। इसके अलावा महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करते हुए महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, साइबर हेल्पलाइन 1930 और मिशन शक्ति के बारे में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी ने सभी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से अपील की कि वे अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग समाजहित, सकारात्मक संदेशों और पुलिस के जनहितकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में करें। साथ ही कानून के विरुद्ध किसी भी प्रकार की सामग्री तैयार करने या प्रसारित करने से बचें। बैठक में मौजूद सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने भी अपने सुझाव रखे और पुलिस के साथ मिलकर जनपद में जनजागरूकता अभियान चलाने का आश्वासन दिया। अंत में पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जालौन पुलिस जनता की सेवा, सुरक्षा और सहयोग के लिए सदैव तत्पर है।

— Pankaj Gupta

कार्तिक पूर्णिमा पर पचनद मेले की सुरक्षा व्यवस्था का डीएम और एसपी ने लिया जायजा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



जालौन। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर पांच नदियों के पवित्र संगम स्थल पचनद पर आयोजित होने वाले ऐतिहासिक पचनद मेले को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन और बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी जालौन समीर एवं पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चन्द्र रावत ने पचनद संगम पहुंचकर मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने स्नान घाटों सहित मेला क्षेत्र की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्नान घाटों पर सुरक्षा के दृष्टिगत मजबूत बैरिकेडिंग कराने, गोताखोरों, नावों एवं जल पुलिस की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं, कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर संभावित भारी भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने, निर्धारित पार्किंग स्थलों को व्यवस्थित करने तथा रूट डायवर्जन का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही संपूर्ण मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल एवं महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने तथा सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक माहौल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अभिनव यादव, क्षेत्राधिकारी अंबुज, थानाध्यक्ष रामपुरा कृष्णपाल सरोज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

— Pankaj Gupta

राजनीति

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में जनता दर्शन के दौरान कई जन शिकायतें सुनीं



लखनऊ—मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों से मुलाकात की। इस अवसर पर बड़ी भीड़ इकट्ठा हुई, जहाँ उपस्थित लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएँ सीधे मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।

सुना और तुरंत संबंधित अधिकारियों को फोन कर समाधान के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का निपटारा केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि जमीन पर वास्तविक कार्यवाही के माध्यम से होना चाहिए।

जनता दर्शन में सबसे अधिक जमीन विवाद, इलाज, आवास, पेंशन, नौकरी और पुलिस से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। मुख्यमंत्री ने सभी शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निपटारे की प्रतिबद्धता व्यक्त की और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, यह स्पष्ट किया।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि सरकार प्रत्येक पीड़ित के साथ खड़ी है और सभी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस कार्यक्रम के बाद अधिकारियों ने तुरंत कार्यवाही शुरू कर दी, जिससे उपस्थित लोगों में संतोष की भावना उत्पन्न हुई।

समाचार स्रोत: मुख्यमंत्री जी का आधिकारिक पृष्ठ।

— Kailash Chandra Gupta, लखनऊ

स्थानीय

उत्तर मध्य रेलवे में पहली पहल, झांसी मंडल में स्थापित हुआ समर्पित जनसंपर्क एवं मीडिया सेल



झांसी। उत्तर मध्य रेलवे में जनसंपर्क व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। झांसी मंडल में उत्तर मध्य रेलवे का पहला समर्पित जनसंपर्क एवं मीडिया सेल स्थापित किया गया है। इसका शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में वरिष्ठ पत्रकार मोहन 'नेपाली' द्वारा फीता काटकर किया गया। इस विशेष पहल का उद्देश्य रेलवे प्रशासन और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय एवं संवाद स्थापित करना है। समर्पित मीडिया सेल के माध्यम से मंडल की उपलब्धियों, विकास कार्यों, यात्री सुविधाओं तथा जनहितकारी गतिविधियों की जानकारी प्रभावी और व्यवस्थित तरीके से आमजन तक पहुंचाई जा सकेगी। इससे मीडिया प्रतिनिधियों को भी रेलवे से संबंधित सूचनाएं प्राप्त करने में सुविधा होगी और रेलवे की सकारात्मक गतिविधियों को व्यापक स्तर पर प्रचारित करने का अवसर मिलेगा। झांसी मंडल की यह पहल उत्तर मध्य रेलवे में जनसंपर्क व्यवस्था को नई दिशा देने के साथ ही रेलवे प्रशासन और मीडिया के बीच आपसी सहयोग एवं विश्वास को और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण साबित होने की उम्मीद है।

— Pankaj Gupta

मेला, रंग-बिरंगी रोशनी और झूलों से सजेगा मेला परिसर



खबर

श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती के इकौना क्षेत्र में सीतादार मेला कल 24 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। मेले को लेकर क्षेत्र में लोगों के बीच उत्साह देखने को मिल रहा है। मेले में विभिन्न प्रकार के आकर्षक झूले, मनोरंजन के साधन और रंग-बिरंगी लाइटों से सजा परिसर लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

मेले में बच्चों से लेकर बड़ों तक के मनोरंजन के लिए कई तरह के झूलों और अन्य आकर्षक व्यवस्थाओं की तैयारी की गई है। मेले में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है।

24 नवंबर की सुबह 7 बजे से मेले की शुरुआत होगी। मेले को लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह है। अब लोगों को मेले के शुभारंभ का इंतजार है।

रिपोर्ट: राहुल यादव, श्रावस्ती

— Amar Kant

स्वास्थ्य

बिसलेरी के पानी में कैंसरजनक तत्व पाए, FSSAI ने कार्रवाई की तैयारी



बिसलेरी, देश के प्रमुख पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ब्रांड, के पानी के नमूनों में ब्रोमेट और पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (PAHs) की अधिकता पाई गई है, जिससे स्वास्थ्य के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है।

पहली जांच में ब्रोमेट की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक पाई गई, जबकि दूसरी जांच में PAHs की मौजूदगी सामने आई, जो कैंसर के खतरे से जुड़े माने जाते हैं।

इस खोज के बाद उपभोक्ताओं में पैकेज्ड पेयजल की गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। यह ध्यान दिया गया है कि नमूने कंपनी के परिसर से लिए गए थे, न कि बाजार से।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत अभियोजन की कार्रवाई की तैयारी की है, हालांकि जांच के निष्कर्षों को पूरे ब्रांड के सभी उत्पादों पर लागू नहीं माना जा सकता।

— शैलेष गुप्ता महाजन